तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 6 मई 2026

12 राष्ट्रीय पांडुलिपि अभियान के तहत दुर्लभ हस्तलिखित...



12 'नागरिकों की समस्याओं का हो त्वरित समाधान'





## खबर संक्षेप

### जिला जेल से मोटर सायकल चोरी

**महासमुंद।** मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम स्थित बेमचा जेल परिसर से बाइक चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। मामले को लेकर जिला जेल प्रहरी ने एफआईआर में बताया है कि जिला जेल की शासकीय मोटर सायकल क्र. सीजी 02 3241 2 मई 2026 की शाम लगभग 04.15 बजे के बाद से वाहन स्टैंड से चोरी हो गई। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट किए जाने के मामले में बसना पुलिस ने आरोपी देवर के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को चिमरकेल की बनिता जगत ने बताया कि 4 मई को करीब 3 बजे उसका देवर डिगंबर जगत अपने घर के छत की ढलाई के लिए लाए मशीन को उसके घर के छत से लगाकर ढलाई करने वाला था, जिसे मना करने पर डिगंबर ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर ईंट से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पत्नी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** नयापारा में महिला के साथ मारपीट के आरोपी पति के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को नयापारा निवासी काजल विश्वकर्मा ने बताया कि 01 मई को सुबह 10 बजे वह अपने घर में खाना बना रही थी, उसी समय उसका पति विजय शंकर लोहार आया और गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। इस दौरान उसकी मां शांति विश्वकर्मा, पिता संतोष कुमार विश्वकर्मा तथा भाई अंकित विश्वकर्मा द्वारा बीच बचाव किया गया। जिस पर आरोपी ने महिला के पिता संतोष के साथ मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### देशी प्लेन शराब बरामद युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शहर के नयापारा स्थित सरकारी अस्पताल के पीछे पुलिस ने एक युवक के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी प्रतीक यादव पिता राजेश यादव (21 साल) निवासी वार्ड नं 09 छिपियापारा महासमुंद नयापारा सरकारी अस्पताल के पीछे कच्ची रोड छिपियापारा के पास बिक्री के लिए शराब रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 पौवा देशी प्लेन शराब शोले कीमत 2400 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# महतारी वंदना योजना में ई-केवाईसी को लेकर हितग्राही परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महतारी वंदन योजना में ई-केवासी कराने के लिए महिला हितग्राही दर-दर भटक रही है। ई-केवायसी इन हितग्राहियों के लिए आफत बनी हुई है। आधार कार्ड और महतारी वंदना योजना में मिस मैच होने पर दस्तावेज में नाम सुधार व अन्य जरूरी प्रक्रियाओं के नाम पर महिलाओं को वापस भेजा रहा है। अपना नाम काटने जाने के डर से भरे दोपहर में हितग्राही भी नाम सुधार करवाने व आधार अपडेट कराने आधार पंजीयन दफ्तर और पोस्ट आफिस का चक्कर लगा रही है। जहां उन्हें आर्थिक अतिरिक्त भार का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार पूरे प्रदेभर महतारी वंदन योजना में गड़बड़ी रोकने के लिए ई-केवाईसी करवाई जा रही है। इसके लिए 30 जून 2026 तक का समय दिया गया है। किस्त रूकने के डर से महिलाएं हर काम छोड़कर महतारी वंदना की ई-केवाईसी कराने में लगी हुई है। इस भीषण गर्मी में कई महिला हितग्राही अपने दुधमुंहे बच्चों को लेकर ई केवायसी कराने च्वाइस सेंटर व गांव में लगे शिविरों में पहुंच रहे। कई महिलाएं नाम व पता अपडेट कराने कराने के लिए आधार पंजीयन व पोस्ट आफिस का चक्कर लगा रही हैं।

## रोज लग रही सीएससी में भीड़, न छांव की जगह न ही पानी की सुविधा

### सर्वर डाउन भी एक मुसीबत

ई-केवाईसी कराने के लिए महिलाओं को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। सर्वर डाउन, वनांचल में स्लो इंटरनेट और च्वाइस सेंटरों में भीड़ के चलते उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। इस भीषण गर्मी में सीएससी पहुंच रहे हितग्राहियों के लिए न तो पीने के लिए पानी की व्यवस्था और न ही कोई छांव। ई-केवासी कराने महिलाओं की रोज भीड़ लग रही है।




### जिले में 367 सीएससी सेंटरों को ई-केवायसी कार्य

बताया जाता है कि महतारी वंदन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने जिले में 367 सीएससी सेंटरों को आईडी जारी किया गया है। विभिन्न चॉइस सेंटरों के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य जारी है। जहां ई-केवाईसी कराया जा रहा है। इसके लिए महिलाओं को रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और आधार कार्ड लेकर जाना होगा।

**ई-केवाईसी के लिए 30 जून तक समय :** बताया जाता है कि 1 अप्रैल से आयोजित शिविर के माध्यम से पात्र विवाहित महिलाओं का ई-केवाईसी किया जा रहा है। जिले में 3 लाख 3 हजार 808 हितग्राहियों का ई-केवाईसी किया जाना है। जिसमें अब तक एक लाख 20 हजार से हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण कर लिया गया है। शेष हितग्राहियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया 30 जून तक पूर्ण किया जाना है।

## प्रशासन से फरियाद: लाती के ग्रामीणों ने जनदर्शन में की शिकायत

# अवैध शराब पर रोक की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम पंचायत लाती (सरायपाली क्षेत्र) के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे। सरपंच संतोषिनी साहू के नेतृत्व में पहुंचे 30 से 35 ग्रामीणों ने गांव में फल-फूल रहे अवैध शराब के कारोबार और सार्वजनिक रास्तों पर किए गए अतिक्रमण को लेकर जिला दंडाधिकारी को आवेदन सौंप कार्रवाई की मांग की हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम लाती में पिछले कई वर्षों से गांव के ही कुछ दबंग व्यक्तियों नेपाल भोई, योगेंद्र भोई, मकरध्वज और गोविंद भोई द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। गांव के शांत माहौल में इस अवैध कारोबार के कारण आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब के इस अवैध व्यापार से युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है और परिवारों में कलह बढ़ रहा है। गांव में शराबबंदी लागू करने के उद्देश्य से महिलाओं ने जय जगन्नाथ महिला समिति का गठन किया है। समिति की महिलाओं का आरोप है कि जब वे अवैध शराब की बिक्री का विरोध करती हैं, तो आरोपी उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। शिकायत के अनुसार, जगन्नाथ मंदिर के सामने महिलाओं को अश्लील गालियां दी जाती हैं और उनके नाबालिग बच्चों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत पूर्व में स्थानीय पुलिस थाना सिंघोड़ा में भी की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं।



### सार्वजनिक नल में तोड़फोड़ और रास्ते पर कब्जा

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि गांव के ही योगेंद्र और गणेश नामक व्यक्तियों द्वारा अवैध शराब बेचने वालों का समर्थन किया जा रहा है। महिलाओं को परेशान करने के इरादे से गांव के एकमात्र सार्वजनिक नल को बार-बार तोड़ दिया जाता है, जिससे पेयजल का संकट खड़ा हो गया है। इसके अलावा, ग्रामीणों ने अतिक्रमण की समस्या भी उठाई। उन्होंने बताया कि गणेश द्वारा गांव की मुख्य गली में सीसी रोड के ऊपर बांस-बल्ली और शेड डालकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इस अतिक्रमण के कारण गांव की गली संकरी हो गई है, जिससे चार पहिया वाहनों और एंबुलेंस आदि के आने-जाने में भारी असुविधा हो रही है।

### सेवा भूमि बेचने वाले पूर्व कोटवार की शिकायत, बेटी को कोटवार बनाने का विरोध



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में मंगलवार को पिथौरा तहसील के ग्राम बड़ेलोरम से आए एक ग्रामीण ने पूर्व कोटवार के विरुद्ध गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। आवेदक मुरली ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में बताया कि ग्राम के पूर्व कोटवार इंद्रजीत दीप ने शासन द्वारा कोटवारी कार्य के बदले दी गई सेवा भूमि को अवैध रूप से बेचकर आर्थिक लाभ कमाया है। शिकायत के अनुसार, ग्राम बड़ेलोरम (प.ह.न. 53) के पूर्व कोटवार इंद्रजीत दीप को शासन से खसरा नंबर 409/2 (रकबा 1.0400 हेक्टेयर) भूमि सेवा भूमि के रूप में मिली थी। नियमों के मुताबिक इस जमीन को बेचा नहीं जा सकता, लेकिन आरोप है कि इंद्रजीत ने 1 जुलाई 2011 को इस जमीन का विक्रय ग्राम आमोदीडीह निवासी एक व्यक्ति को कर दिया। आवेदक ने इस बिक्री से संबंधित पंजीकृत विक्रय पत्र और वर्तमान बी-01 की प्रतियां भी साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत की हैं। आवेदक मुरली का कहना है कि अब इंद्रजीत दीप ने पद से इस्तीफा दे दिया है और अपनी पुत्री हेमादिनी भोईना को नया कोटवार नियुक्त करने के लिए अतिरिक्त तहसीलदार पिथौरा के समक्ष आवेदन पेश किया है। ग्रामीण का आरोप है कि पिता-पुत्री की मंशा शेष बची सरकारी सेवा भूमि को भी बेचने की है। यदि हेमादिनी को कोटवार नियुक्त किया जाता है, तो शासन की बेशकीमती भूमि को और अधिक नुकसान हो सकता है। जनदर्शन में आवेदक ने कलेक्टर से मांग की है कि पूर्व कोटवार द्वारा सेवा भूमि बेचने के मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए। नियमों के उल्लंघन पर पूर्व कोटवार के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई हो। राजस्व क्षति को रोकने के लिए उसकी पुत्री की कोटवार पद पर नियुक्ति रोकी जाए।

# दहेज प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने की थी खुदकुशी, पति, सास-ससुर के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में परिजनों द्वारा ससुरालियों पर लगाए गए हत्या का आरोप अंततः दहेज प्रताड़ना से खुदकुशी के मामले के तौर पर सामने आया है। दहेज प्रताड़ना से तंग आकर ग्राम धरमपुर की एक महिला ने बीते माह खुदकुशी कर ली। मामले की जांच के बाद सांकरा थाने में आरोपी पति, सास-ससुर के विरूद्ध दहेज प्रताड़ना का जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

सांकरा पुलिस ने बताया कि 27 अप्रैल को सूचना मिली थी कि ग्राम धरमपुर की रजनी प्रधान (26 साल) ने अपने घर के कमरे के म्यार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू की गई थी। मर्ग जांच हेतु नायब तहसीलदार ललित सिंह तहसील कार्यालय पिथौरा की उपस्थिति में बालकृष्ण प्रधान, सुकांति प्रधान, दुर्योधन साहू, रीनू साहू, विनोदनी साहू के समक्ष शव पंचनामा कार्रवाई किया गया। जिसमें मृतका का शव उसके कमरे में पलंग में था। गले में काला निशान बना हुआ था।

जांच दौरान मृतका के परिजनों से पूछताछ की गई। जिस पर मृतका के पिता करमलाल साहू, मृतका की छोटी बहन रीनू साहू, दुर्योधन साहू, गवाह भारत साहू का पृथक-पृथक एवं विस्तृत कथन लिया गया जिन्होंने बताया कि रंजनी प्रधान का विवाह 06.03.2025 को ग्राम धरमपुर के वीरेंद्र प्रधान के पुत्र डिगेश प्रधान के साथ हुआ था। शादी में हैसियत के अनुसार मायके पक्ष के द्वारा दहेज दिया गया था। शादी के दो-तीन माह तक सब कुछ ठीक था, उसके पश्चात डिगेश प्रधान, मृतका की सास तमालवती प्रधान, मृतका के ससुर वीरेंद्र प्रधान के द्वारा दहेज कम लाए हो कहकर मृतका को प्रताड़ित किया जाने लगा। साथ ही सोना, पैसा, वाशिंग मशीन की मांग की गई। दहेज को लेकर प्रताड़ित किए जाने की सूचना मृतका द्वारा फोन पर एवं मायके आने पर मौखिक रूप से दिया जाता था। दिसंबर 2025 की शुरूआत में पिता द्वारा उसे मायके लाया गया था, कुछ दिन पश्चात डिगेश प्रधान को घर बुलाकर रंजनी प्रधान के परिवार के सदस्यों के द्वारा समझाने का प्रयास किया गया था। लेकिन, इसके बाद भी मृतका के पति एवं सास, ससुर के द्वारा दहेज की बात को लेकर अक्सर प्रताड़ित किया जाता था। 27.04.2026 के रात्रि 01 बजे मृतका की बहन रीनू साहू को उसके मोबाइल नंबर पर मैसेज मिला, जिसमें मृतका ने लिखा मैं किसी के ऊपर बोझ नहीं बनना चाहती मेरे सोने, चांदी को वापस ले आना, यही मेरी आखिरी इच्छा है। इसके बाद 27.04.2026 की सुबह करीबन 5:30 बजे मृतका के पिता के द्वारा मृतका के नंबर पर फोन लगाया। लेकिन, मोबाइल बंद होने पर डिगेश साहू को फोन लगाया। जिस पर डिगेश साहू ने बताया कि रंजनी ने फांसी लगा ली है। रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 80(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# मादा नीलगाय मृत अवस्था में मिलने के संबंध में वन विभाग की कार्रवाई, दो से पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वन परिक्षेत्र पिथौरा अंतर्गत परिवृत्त पूर्व पिथौरा के परिसर सुखीपाली स्थित शांतिनगर के कक्ष क्रमांक 234 के समीप मादा नीलगाय मृत अवस्था में पाई गई। उक्त संबंध में वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिलने पर 4 मई की सुबह लगभग 8:30 बजे टीम मौके पर पहुंची, जहां प्रारंभिक जांच में अवैध शिकार की आशंका जताई गई है। उक्त कार्रवाई वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय के निर्देशानुसार संपन्न की गई।

वनमंडलाधिकारी मयंक पाण्डेय ने बताया कि डॉग स्क्वाड टीम जंगल सफारी रायपुर तथा पशु चिकित्सक सांकरा एवं उनकी टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि नीलगाय के दो पैर काटकर अलग किए गए थे तथा गले पर धारदार हथियार से हमला किए जाने के निशान मिले। पशु चिकित्सकों ने प्रारंभिक रूप से धारदार हथियार से हमला होने के कारण मृत्यु होना बताया है। प्रकरण में वन विभाग द्वारा ग्राम शांतिनगर, सुखीपाली निवासी जोहित वल्द दुर्लभ दास (30 वर्ष) एवं सुरेंद्र वल्द उदयराम (32 वर्ष) से पूछताछ की जा रही है। जांच में छह अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता सामने आने पर उनकी तलाश जारी है। वन विभाग ने दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 51, 52 सहपठित धारा 2(16)(I), 39(3)(अ) एवं 39(3)(स) के तहत पीओआर दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।



### तेज रफ्तार पिकअप ने खड़ी मुर्गी गाड़ी को मारी टक्कर चालक की मौके पर मौत

**पिथौरा (ग्रामीण)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर पुराने काठी ढाबा के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। झलप की ओर जा रही बोलेरो पिकअप ने सड़क किनारे खड़ी आयचर 709 मुर्गी गाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन सड़क से नीचे उतरकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत बीचबचाव कार्य शुरू किया, लेकिन पिकअप चालक वाहन में बुरी तरह फंस या था। चालक की पहचान जितेंद्र यादव, निवासी बरेकेल (झलप) के रूप में हुई है, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। पिथौरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




## तपती गर्मी से राहत पाने के लिए लोग खान-पान में कर रहे बदलाव

# फल बाजार में बढ़ी रौनक, रसीले फलों की मांग बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। इस तपती गर्मी से राहत पाने के लिए लोग खान-पान में बदलाव कर रहे हैं, जिसका सीधा असर स्थानीय फल बाजार में देखने को मिल रहा है। बाजार वर्तमान में रसीले फलों और आम की सुगंध से महक रहा है, जो ग्राहकों को अपनी ओर खींच रहा है। हालांकि, अच्छी आवक होने के बावजूद फलों की कीमतों में भारी उछाल आया है, जिससे आम जनता की जेब पर बोझ बढ़ गया है। महासमुंद के बाजार में फलों की आपूर्ति मुख्य रूप से दूसरे राज्यों से की जा रही है। व्यापारियों के अनुसार, अंगूर की बड़ी खेप महाराष्ट्र के नासिक से पहुंच रही है। वहीं, संतरा और मौसंबी की आपूर्ति नागपुर से हो रही है। फलों का राजा कहा जाने वाला आम वर्तमान में आंध्र प्रदेश से मंगाया जा रहा है, जबकि नारियल की आवक बेंगलुरु से बनी हुई है। हालांकि स्थानीय स्तर पर बाड़ियों से तरबूज, खरबूजा और ककड़ी की आवक शुरू हो चुकी है।

### कीमतों में भारी बढ़ोत्तरी

भीषण गर्मी और वैवाहिक सीजन के कारण फलों की मांग में जबरदस्त तेजी आई है। मांग बढ़ने के कारण फल विक्रेताओं ने दामों में काफी वृद्धि कर दी है। वर्तमान में बाजार में फलों की स्थिति इस प्रकार है कि आम 100 से 120 रुपये प्रति किलो, सेबः 200 से 250 रुपये प्रति किलो, अंगूर 150 से 160 रुपये प्रति किलो, खरबूजा 40 से 50 रुपये प्रति किलो, तरबूज 20 रुपये प्रति किलो, नारियल 50 से 70 रुपये प्रति पीस, पपीता 30 रुपये प्रति किलो बिक रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि मांग अधिक होने और परिवहन लागत बढ़ने के कारण दाम सामान्य से बहुत अधिक बने हुए हैं।



### अचारी आम की बढ़ती मांग

फलों के साथ-साथ इन दिनों अचारी आम (कच्ची केरी) की मांग भी काफी बढ़ गई है। सब्जी मंडी में यह 30 से 40 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है। व्यापारियों का कहना है कि बेमौसम बारिश और बदलते मौसम ने आम की फसल को प्रभावित किया है। वर्तमान में स्थानीय आमों की आवक कम है, लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले कुछ दिनों में जैसे ही स्थानीय क्षेत्रों से देशी आम बाजार में आएंगे, कीमतों में कुछ कमी देखने को मिल सकती है। फिलहाल, लोग मजबूरी में ऊंचे दामों पर फल खरीदने को विवश हैं।

### व्यापारियों की चुनौतियां और खराब होता माल

फल विक्रेताओं के लिए यह मौसम केवल मुनाफे का नहीं बल्कि चुनौतियों का भी है। व्यापारियों ने बताया कि गर्मी और मौसम में बार-बार हो रहे बदलाव के कारण कच्चे माल (फलों) को लंबे समय तक सुरक्षित रखना मुश्किल हो रहा है। फल जल्दी सड़ने लगते हैं, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसी जोखिम और बर्बादी को ध्यान में रखते हुए वे सीमित मात्रा में ही स्टॉक रख रहे हैं।

# सीएस का आदेश- हर जिला अस्पताल में बने 10 बिस्तरों वाला नशामुक्ति केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकासशील ने कहा है कि नशाखोरी से प्रभावित व्यक्तियों के उपचार के लिए प्रदेश के प्रत्येक जिला अस्पताल में न्यूनतम 10 बिस्तरों वाला नशा मुक्ति केंद्र अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाए। आवश्यकतानुसार जिलों में नए नशा मुक्ति केंद्रों का संचालन शुरू किया जाए।

नशामुक्त भारत अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। पुनर्वास और सहायता के लिए जारी टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर (1333) का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हो। सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की दूसरी तिमाही की बैठक में उन्होंने विभिन्न एजेंसियों द्वारा की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने यह बात कही है। उन्होंने राज्य में मादक पदार्थों की तस्करी और नशाखोरी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए अधिकारियों को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अफीम की अवैध खेती और ड्रग्स के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।




### निगरानी और तस्करी पर अंकुश

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस, डाक विभाग और निजी कूरियर सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने परिवहन और कूरियर सेवाओं पर कड़ी निगरानी रखने तथा तस्करी में उपयोग किए जाने वाले वाहनों को राजसात कर उनकी नीलामी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। साथ ही, अवैध रूप से संचालित केमिकल ड्रग प्रयोगशालाओं की पहचान कर उनके विरुद्ध तत्काल छापेमारी और निरीक्षण के निर्देश दिए गए।

### शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा

बैठक में युवाओं को नशे की चपेट से बचाने के लिए सभी शैक्षणिक संस्थानों के 500 मीटर के दायरे को ड्रग मुक्त क्षेत्र घोषित कर वहां सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव ने जब्त किए गए मादक पदार्थों के विनिष्टीकरण की प्रक्रिया को भी तेज करने को कहा।

### प्रमुख अधिकारी हुए शामिल

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में डीजीपी अरुण देव गौतम, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, गृह सचिव नेहा चम्पावत सहित समाज कल्याण, आबकारी, स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारी, सभी संभागायुक्त, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सम्मिलित हुए।

## खबर संक्षेप

### विधायक संगीता बनीं प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस संगठन में बड़ा बदलाव किया गया है। ऑल इंडिया महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा को छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार, संगीता सिन्हा आगामी स्थायी प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति तक इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगी। संगठन में यह बदलाव आगामी रणनीति और संगठनात्मक मजबूती को ध्यान में रखते हुए किया गया है। संगीता सिन्हा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनने से महिला कांग्रेस में नए सिरे से सक्रियता आने की उम्मीद जताई जा रही है।

### दीपेश बने आदिवासी कांग्रेस के शहर अध्यक्ष



**रायपुर।** कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की अनुसंशा पर आदिवासी कांग्रेस ने 9 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। नियुक्त किए गए जिलाध्यक्षों में दीपेश कृपाल को रायपुर शहर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ठाकुर ने जारी आदेश में सभी जिलाध्यक्षों से कहा है, संगठन को सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### पेयजल संकट पर तय हो जवाबदेही



**रायपुर।** आम आदमी पार्टी ने जिले में पानी की समस्या को लेकर सरकार को घेरा है। आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विजय झा, प्रदेश सचिव अनुषा जोसेफ और अजीम खान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, चंगोराभाटा, रायपुरा, मोवा, पंडरी, सक्ति नगर, दलदल सिवनी,सुंदर नगर सहित कई इलाकों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरसने को मजबूर हैं। जोन 3 के खम्हारडीह का पूरा इलाका,जहां लगभग 30 हजार लोग रहते हैं वहां 90 प्रतिशत आबादी पेयजल संकट से गुजर रही हैं। जोन-5 के वार्ड 3, वार्ड 67, वार्ड 68 और वार्ड 69 में के साथ जोन 6 के प्रोफेसर कॉलोनी, शिवाजी नगर, परशुराम नगर, मारुति नगर में आधा हिस्सा पानी की कमह से प्रभावित है।

## लगभग दो हजार गंभीर कुपोषित बच्चे मिले

# कुपोषण दूर करने हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च, इसके बाद भी गंभीर-मध्यम कुपोषित बच्चों का आंकड़ा हजारों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महिला एवं बाल विकास अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों में कुपोषण दूर करने एवं कुपोषण से बचाव के लिए गर्भवती महिलाओं के पोषण आहार में हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। इसके बाद भी कई महिलाएं जहां कुपोषित बच्चों को जन्म दे रही हैं, वहीं जो बच्चे कुपोषित हैं, उनकी सेहत और वजन में सुधार देखा नहीं जा रहा। रायपुर जिले में वर्ष 2025 में आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज बच्चों का वजन एवं पोषण स्तर की जांच की गई। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस जांच में गंभीर कुपोषित के लगभग दो हजार बच्चे मिले हैं, वहीं मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या भी 15 से 17 हजार के करीब है। हालांकि विभाग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि गंभीर कुपोषित बच्चों में ज्यादातर शून्य से लेकर 6 महीने के बीच के हैं।

### एक लाख से ज्यादा बच्चों का वजन मापा गया

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में इस बार भी वजन त्योहार के दौरान एक लाख से अधिक बच्चों का वजन मापा गया। इस दौरान लगभग दो हजार बच्चों का वजन बहुत कम पाया गया, जिसके कारण इन बच्चों को गंभीर कुपोषण की सूची में रखा गया है। इन बच्चों की आयु एक-दो दिन से लेकर लगभग दो वर्ष के बीच की है। हालांकि ज्यादातर कुपोषित बच्चे अधिकतम 6 महीने के बीच के हैं। बताया गया कि इन कुपोषित बच्चों का कुपोषण दूर करने के लिए पोषण आहार, स्वास्थ्य जांच, उपचार आदि नियमित किया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द उनका कुपोषण दूर हो सके।



### पिछले चार वर्षों का आकड़ा

| | कुल वजन | मध्यम | गंभीर कुपोषित |
|---|---|---|---|
| वर्ष 2022 | 143252 | 20600 | 3662 |
| वर्ष 2023 | 137808 | 20185 | 3081 |
| वर्ष 2024 | 138589 | 17613 | 2651 |
| वर्ष 2025 | 125000 | 15-17000 | 2000 |

### कुपोषण से बचाव के लिए ये किए जा रहे उपाय

*कुपोषण से बचाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिला से लेकर कुपोषित बच्चों को समय पर टीका लगाने से लेकर पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य की जांच, विटामिन देने सहित अन्य उपाय किए जाते हैं।*

### मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या भी घट नहीं रही

आकड़ें बताते हैं कि गंभीर और मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या में गिरावट आई है। यह गिरावट लगातार आ रही हैं। 10-15 वर्ष पहले कुल बच्चों में गंभीर और मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या प्रतिशत में 15 से 30 थी, जो घटकर लगभग 3 से 5 प्रतिशत तक पहुंच गई है। हालांकि पिछले 3 वर्षों में इन आकड़े में मामूली गिरावट ही आई है। वर्ष 2025-26 में वजन एवं कुपोषण से संबंधित जो आकड़े हैं, वे अभी अनुमानित हैं। इनकी संख्या कम या ज्यादा हो सकती है, क्योंकि विभाग से अधिकृत रूप से आकड़ों की जानकारी नहीं मिल पाई है।

### तिल्दा-अभनपुर में कुपोषित सबसे अधिक, रायपुर में बस्ती-बीएसयूपी इलाकों में ज्यादा

गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या जिले में सबसे अधिक तिल्दा एवं अभनपुर ब्लॉक क्षेत्र में हैं। एक वर्ष पूर्व मिले आकड़ों के अनुसार अभनपुर और तिल्दा के आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषित बच्चों का 16.55 प्रतिशत था, जो धरसींवा, रायपुर एवं आरंग क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों की तुलना में ज्यादा है। इसी प्रकार आरंग में भी कुपोषित बच्चों का 14.65 प्रतिशत, धरसींवा-1 में 15.01, धरसींवा-2 में 13.75, मंदिर हसौद में 13.42 तथा रायपुर-1 में 13.80 एवं रायपुर-2 में 12.39 प्रतिशत कुपोषित बच्चे दर्ज थे।रायपुर शहर में बस्ती एवं बीएसयूपी इलाकों में इनकी संख्या ज्यादा हैं। आंगनबाड़ी केंद्र की एक ब्लॉक की प्रभारी प्रतिमा सिंह ने बताया कि उनके क्षेत्र के भाठागांव में बीएसयूपी की कालोनियां ज्यादा हैं, इसलिए इस क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में ही लगभग 42 गंभीर कुपोषित बच्चे हैं।

# जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों सहित फील्ड कर्मचारियों को मिलेगी सुरक्षा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों और सुपरवाइजर की सुरक्षा के लिए जिला जनगणना अधिकारी ने पुलिस कमिश्नर रायपुर और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में 1 से 30 मई 6 तक संपादित किया जा रहा है। प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा जनगणना कार्य तेज धूप एवं गर्मी जैसी विषम परिस्थितियों में संपादित किया जा रहा है, कुछ स्थानों पर प्रगणकों के साथ मारपीट की घटनाएं संज्ञान में आ रही हैं। अतः फील्ड में प्रगणकों व सुपरवाइजर के साथ किसी प्रकार का विवाद अथवा अप्रिय घटना न हो, इसके लिए समस्त पुलिस थाना में पूर्व सावधानी बरतने एवं पुलिस सुरक्षा बल उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे।

- जिला जनगणना अधिकारी ने पुलिस विभाग को लिखा पत्र

### शिक्षक संघ ने जताया था रोष

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जनगणना कार्य में लगे कर्मचारी के साथ मारपीट की घटना हुई थी, जिसके बाद शिक्षकों के संगठन ने उक्त घटना की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। इसके आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित थानें में एफआईआर दर्ज की गई है। शिक्षकों के एक वर्ग ने भीषण गर्मी में किए जा रहे जनगणना कार्य को देखते हुए शासन से बीमा सुरक्षा की भी मांग की थी। पांचवी-आठवीं की द्वितीय परीक्षाएं कुछ दिनों के अंतराल में प्रारंभ होने वाली हैं। बड़ी संख्या में शिक्षकों के जनगणना कार्य में लगाए जाने के कारण इसमें भी कई तरह की समस्याओं का सामना शाला प्रबंधन को करना पड़ रहा है।

# राखी सीएचसी बनेगा 100 बेड का सिविल अस्पताल, नवा रायपुर में जमीन की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राखी के पचास बिस्तर के अस्पताल का उन्नयन सिविल हास्पिटल के रूप में किया जाएगा। 100 बेड की क्षमता वाले इस अस्पताल के लिए नवा रायपुर में जमीन की तलाश की जा रही है। राखी सिविल हास्पिटल के लिए 18.48 करोड़ की राशि स्वीकृत हो चुकी है। राखी के अलावा सरोना में भी सौ बिस्तर का नया अस्पताल तैयार किया जा रहा है।

वर्तमान में राजधानी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, हमर अस्पताल के अलावा सौ बेड का पंडरी जिला अस्पताल, कालीबाड़ी में 100 बेड का मातृ शिशु अस्पताल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मौजूद है। इसके अलावा आने वाले दिनों में सरोना और राखी में सौ-सौ बेड का नया अस्पताल प्रस्तावित है। सरोना अस्पताल के निर्माण के लिए भूमिपूजन होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। माना जा रहा है कि इस अस्पताल के निर्माण के बाद सरोना के साथ आसपास के लोगों को इलाज के लिए एम्स में लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। साथ ही शहर के बीच स्थित हास्पिटलों में भी उनकी निर्भरता खत्म होगी। इसी तरह राखी के पचास बेड के सामुदायिक अस्पताल का उन्नयन 100 बेड के सिविल अस्पताल के रूप में किया जाएगा। राखी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिस स्थान पर मौजूद है वहां हास्पिटल भवन का विस्तार किया जाना संभव नहीं है। इसलिए राखी सिविल अस्पताल के लिए नए स्थान की तलाश की जा रही है। इसके लिए पूर्व में जंगल सफारी और एक निजी हास्पिटल के आगे जमीन दी गई थी। स्वास्थ्य सुविधा के हिसाब चिन्हित जमीन को अस्पताल बनाने के लिए उपयुक्त नहीं माना गया था। विभागीय असहमति के बाद अब नवा रायपुर में नई जगह की तलाश की जा रही है।



# तीन राज्यों में भाजपा का विजय घोष और तमिलनाडु में बदलाव की बयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधानसभा चुनावों में बंगाल, असम और पांडिचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक सफलता और तमिलनाडु में हुए सत्ता परिवर्तन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा ने इसे सनातन और विकास का सामूहिक विजय बताया है। डॉ. चोपड़ा ने कहा है कि ये उस विचारधारा की हार है जो दशकों से देश में तुष्टीकरण और बांटो और राज करो की नीति पर फल-फूल रही थी। उन्होंने कहा जनता ने अब यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि जो दल सनातन संस्कृति को बदनाम करने और एक वर्ग विशेष को खुश करने के लिए बहुसंख्यक समाज की उपेक्षा करेंगे, उन्हें लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं मिलेगा। देश अब विकासवाद की राजनीति चाहता है, न कि सांप्रदायिक तुष्टीकरण की। पश्चिम बंगाल की ऐतिहासिक जीत को डॉ. चोपड़ा ने विशेष रूप से बंगाल का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां की हिंसात्मक परिस्थितियों और विपरीत वातावरण में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिस साहस का परिचय दिया, वह वंदनीय है। बंगाल में भाजपा का उदय लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना है। असम और पांडिचेरी राज्यों में भाजपा की वापसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र पर जनता की मुहर है। तमिलनाडु में हुए सत्ता परिवर्तन को उन्होंने वैचारिक क्रांति करार दिया, जहां जनता ने उन शक्तियों को नकारा है जो भारतीय सांस्कृतिक जड़ों पर प्रहार करती रही हैं। चुनाव परिणामों की आधिकारिक घोषणा के बाद महासमुंद स्थित भाजपा कार्यालय में विजय उत्सव का माहौल रहा। डॉ. चोपड़ा ने इस प्रचंड जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति और भाजपा के लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम को दिया।



# ढाबा से देशी शराब बरामद एक आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ढाबा में शराब बेचने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ पिथौरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 पौवा देशी शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि गिरी ढाबा ग्राम जामपाली में चंदन कुमार गिरी नाम का व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। जब पुलिस ढाबा में पहुंची तो वहां एक व्यक्ति मिला, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिस पर उसने अपना नाम चंदन कुमार गिरी पिता दिनेश्वर गिरी (34 वर्ष) वर्तमान पता गिरी ढाबा जामपाली थाना पिथौरा स्थायी पता वार्ड नं0 04 भादा मुरली थाना हरसिधी जिला मोतीहारी बिहार होना बताया। तलाशी के दौरान ढाबा से 40 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमत 3200 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## बैज बोले- चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं

**रायपुर।** पांच राज्यों के चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, केरल की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताया। वहां कांग्रेस की सरकार बनेगी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस केरलम की जनता को हार्दिक धन्यवाद देती है कि उन्होंने यूडीएफ को भारी बहुमत से सेवा का मौका दिया है। केरलम की जनता ने जो विश्वास हम पर जताया है, हम उस पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा, केरलम को छोड़कर जो अन्य नतीजे आये हैं, वो कांग्रेस पार्टी की उम्मीदों से कम हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी ना निराश है ना हताश। हम विचारधारा की लड़ाई लड़ रहे हैं। एकतंत्र और झूठ के खिलाफ लोकतंत्र और सच की लड़ाई का रास्ता हमेशा लंबा और कठिन होता है। परंतु हम संकल्प और दृढ़ता से एक होकर आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कहा, आसाम में चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओ के अनुरूप नहीं आये। पं. बंगाल में भाजपा नहीं चुनाव आयोग चुनाव लड़ रहा था। भाजपा और चुनाव आयोग के गठबंधन देश के प्रजातंत्र के लिये घातक है। वहां चुनावों की निष्पक्षता पर भी संदेह के घेरे में है।



# कुत्ते के आतंक से जामपाली और जंघोरा में दहशत, 10 से अधिक लोग शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जामपाली और जंघोरा में इन दिनों एक पागल कुत्ते ने भारी आतंक मचा रखा है। पिछले कुछ समय में इस कुत्ते के हमले से लगभग दर्जनभर लोग घायल हो चुके हैं, जिसके कारण पूरे क्षेत्र में डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह आवारा कुत्ता अत्यधिक आक्रामक हो गया है। वह गांव की गलियों में घूम-घूमकर अचानक लोगों पर हमला कर रहा है। कुत्ते के इस व्यवहार से ग्रामीण इतने डरे हुए हैं कि उन्होंने अपने घरों से बाहर निकलना कम कर दिया है। अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और उन्हें घर के भीतर ही रहने की सख्त हिदायत दी जा रही है।

### घायलों का उपचार

कुत्ते के काटने से घायल हुए सभी व्यक्तियों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा ले जाया गया। डॉक्टरों ने सभी घायलों की स्थिति को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार दिया और एंटी-रैबीज इंजेक्शन लगाए हैं।

घायलों में ग्राम जामपाली से भूषण ध्रुव, संतोष देवांगन, दृष्टि दीवान और रामलाल ध्रुव एवं ग्राम जंघोरा से रूपेश तिवारी और रोशनी सिन्हा, पिथौरा से मनोज अग्रवाल ग्राम बरेकेल व बरेकेल खुर्द से धनंजय ठाकुर, तेज बाई और भूमि साहू शामिल हैं।

### प्रशासन से पकड़ने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि कुत्ता किसी भी राहगीर पर हमला कर दे रहा है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग से गुहार लगाई है कि इस आक्रामक कुत्ते को जल्द से जल्द पकड़ा जाए।

लोगों को डर है कि यदि समय रहते कुत्ते को नियंत्रित नहीं किया गया, तो वह अन्य ग्रामीणों और मवेशियों को भी अपना शिकार बना सकता है। फिलहाल, क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और लोग सावधानी बरत रहे हैं।

# जिले में पिछड़ी जनजाति कमार में परिवारों का विस्तृत डिजिटल सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार में परिवारों का विस्तृत डिजिटल सर्वे कार्य पारदर्शिता के साथ पूर्ण किया गया। इस सर्वे के माध्यम से एकत्रित आंकड़ों के आधार पर अब जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार (दिल्ली) इन परिवारों के उत्थान के लिए विशेष योजनाएं तैयार की जाएगी। जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाया जा सके।

सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले के तीन प्रमुख विकासखंडों महासमुंद, बागबाहरा और पिथौरा में कमार जनजाति की कुल परिवार लगभग 940 है तथा कुल जनसंख्या 3350 है। सर्वे के दौरान जिले के समस्त कमार परिवारों से सीधे संवाद कर उनके महत्वपूर्ण दस्तावेजों और वर्तमान स्थिति की जानकारी ऐप के माध्यम से एकत्र की गई।

इस दौरान कमार परिवारों ने बेझिझक परिवार की जानकारी साझा की। जिसमें मुख्य रूप से आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता, शासकीय योजनाएं आयुष्मान आरोग्य कार्ड, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, जॉब कार्ड एवं अन्य विवरण जाति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता और आजीविका के साधन शामिल है। सर्वे कार्य के लिए जिम्मेदारी ग्राम स्तरीय दलों को सौंपी गई थी, जिसमें पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, छात्रावास अधीक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और बीट गार्ड जैसे कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं तकनीकी प्रशिक्षण और सर्वेक्षण दलों की मदद की जिम्मेदारी विभाग के नीलेश खांडे द्वारा निभाई गई।

**खबर संक्षेप**



## पत्रकारिता प्रशिक्षण शिविर में वरिष्ठ पत्रकार सेवक ने दिया व्याख्यान

**बसना।** स्व. जयदेव सतपथी महाविद्यालय बसना एमए द्वितीय के छात्र-छात्राओं को पत्रकारिता के विषय पर पत्रकारिता प्रशिक्षण शिविर में वरिष्ठ पत्रकार सेवक दास दीवान ने व्याख्यान दिया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को व्याख्यान देते हुए सेवक दास दीवान ने बताया कि पत्रकारिता के अर्थ एवं परिभाषा, उद्देश्य, लोकतंत्र में महत्व, नैतिकता, चुनौतियां, समाचार के माध्यम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्याख्यान दिया। दीवान ने आगे कहा कि पत्रकारिता का अर्थ दैनिक घटनाओं का संकलन, संपादन और प्रस्तुतीकरण आदि। इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्याता एनके प्रधान, शिवराम निषाद, सुनीता साहू के अलावा एमए द्वितीय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून तक

**महासमुंद।** समग्र शिक्षा अंतर्गत जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून 2026 तक निर्धारित है। जिला मिशन समन्वय समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुनसुनिया विकासखंड बागबाहरा, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लाखागढ़ विकासखंड पिथौरा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसुला विकासखंड बसना में कक्षा 06वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश फार्म का वितरण उक्त आवासीय विद्यालयों में 01 मई 2026 से प्रारंभ हो गया है।

# कांक्रीट की चादर ने रोका पानी, तेजी से गिर रहा भूजल स्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

नगर पंचायत बसना शहर में विकास की रफ्तार

- असर अब शहर के जलस्त्रोतों पर साफ दिखाई देने लगा, पानी की किल्लते से बढ़ी परेशानी

जितनी तेज हुई है, भूजल उतनी ही तेजी से नीचे खिसक रहा है। गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य सड़कों तक सीमेंट-कांक्रीट का जाल बिछने से बारिश का पानी जमीन में जाने के बजाय सीधे नालियों में बह रहा है। इसका असर अब शहर के जलस्त्रोतों पर साफ दिखाई देने लगा है। कई इलाकों में बोरवेल सूख रहे हैं और गर्मी बढ़ते ही पानी की किल्लत सामने आने लगी है।

विशेषज्ञों का कहना है कि कंक्रीट सड़कें वर्षा जल के प्राकृतिक रिसाव को रोक देती हैं। पहले कच्ची जमीन और सड़कों के किनारों से पानी जमीन में उतरता था। अब सड़कें पक्की और मोटी हो गई हैं। पानी के धरती तक पहुंचने का रास्ता बंद हो गया है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब पुरानी सड़क को हटाने के बजाय उसके ऊपर नई सड़क बिछा दी जाती है। इससे ऊंचाई और मोटाई बढ़ जाती हैं। नालियां वहीं रहती हैं, लेकिन पानी के रिसाव की संभावना और कम हो जाती है। इस संबध में शहर में सड़क सूरज सिदार मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत बसना का कहना है निर्माण के साथ जल संरक्षण को प्राथमिकता दी जाएगी। सभी निर्माण कार्यों में वर्षा जल के जमीन में समाने की व्यवस्था अनिवार्य की जाएगी। ठेकेदारों और इंजीनियरों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएंगे, ताकि विकास के साथ भूजल संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाए जाने का अपील की जा रही है, जल ही जीवन है यह संदेश दिया गया।

**नगर पंचायत बसना शहर में विकास की रफ्तार जितनी हुई तेज**









### आने वाला समय बेहद होगा खतरनाक

जल विशेषज्ञ विपिन दुबे का मानना है कि यदि यही स्थिति जारी रही, तो आने वाले वर्षों में शहर को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। सड़क निर्माण के साथ वर्षा जल संरक्षण की व्यवस्था करना अब जरूरी हो गया है। सड़कों के किनारे सोख्ता गड्ढे, रिचार्ज पिट और रिसावयुक्त नालियां बनाई जानी चाहिए, ताकि बारिश का पानी जमीन में उतर सके। शहरी विकास के साथ जल संरक्षण को भी उतनी ही प्राथमिकता देनी होगी। नगर निगम को सड़क और नाली निर्माण के दौरान ठेकेदारों और इंजीनियरों को स्पष्ट निर्देश देने होंगे कि निर्माण में जल रिचार्ज की व्यवस्था अनिवार्य रूप से शामिल की जाए, अन्यथा कांक्रीट की चमक भविष्य में प्यास का कारण बन सकती है।

आयोजन : कलेक्टर लंगेह ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# सुशासन तिहार में अधिक से अधिक नागरिकों की समस्या का समाधान करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, सुशासन तिहार, जनगणना एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सुशासन तिहार की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को प्राप्त मांग एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने शासन के मंशानुरूप सभी विभागों को समाधान शिविर में मौके पर अधिक से अधिक आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए हैं तथा आवेदन का पावती देने और कार्रवाई होने पर सूचना देने के निर्देश दिए हैं एवं विभागों को योजनाओं से संबंधित पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ वितरण करने के निर्देश दिए हैं। सुशासन तिहार के आवेदनों का पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी आवश्यक अग्रिम तैयारियां सुनिश्चित करते हुए इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दें और नागरिकों की अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि विकसित संकल्प यात्रा 5 मई से 20 मई तक होगा। इस दौरान कृषि विभाग द्वारा समाधान शिविरों में जाकर किसानों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कृषि विभाग को रथ के माध्यम से अधिकतम प्रचार-प्रसार करने तथा पीएम किसान सम्मान निधि तथा एग्रीटेक पंजीयन के बारे में किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने बताया कि अभियान के दौरान मुख्यमंत्री साय स्वयं विभिन्न जिलों में पहुंचकर विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन का औचक निरीक्षण कर रहें हैं तथा हितग्राहियों से फीडबैक भी ले रहे हैं। इसके साथ ही जिला मुख्यालयों पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। इसी तारतम्य में जिले में भी तैयारी सुनिश्चित किया जाना है। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर लंगेह ने जनगणना 2027 की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 01 मई से शुरू डिजिटल रूप से मकान सूचीकरण का कार्य 30 मई तक किया जाना है। सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर्स गंभीरता से निष्ठा और समर्पण के साथ घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य एवं स्वगणना के तहत भरी गई जानकारी का सत्यापन करें। बैठक में कलेक्टर ने सभी कार्यालयों में आधार आधारित उपस्थिति अनिवार्य करने तथा ई-फाइल प्रणाली को शत-प्रतिशत लागू करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कहा है कि बिना सूचना के जिला मुख्यालय से बाहर न रहें। बिना अनुमति के बाहर रहने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अप्रैल, मई एवं जून माह के चावल भंडारण एवं वितरण की समीक्षा करते हुए जिले में संचालित सभी 593 दुकानों में तेजी से चावल वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। जल संरक्षण के लिए मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 के तहत विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि अधिक से अधिक सोखता गड्ढे, डबरी, तालाब एवं अन्य जल संरचनाओं का निर्माण कराया जाए। कलेक्टर ने किसानों को खेतों में जल संरक्षण संरचनाएं बनाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा प्रधानमंत्री आवासों में सोख्ता गड्ढा एवं भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाने के निर्देश दिए।

साथ ही इस अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। सभी विभागों को समन्वय के साथ अभियान का क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। जल संचयन भागीदारी में अभी तक 10455 संरचना का निर्माण हुआ है तथा 5593 संरचना निर्माणाधीन है। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की समीक्षा में कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को सभी स्वीकृत अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं, जन शिकायत, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरणों की समीक्षा की गई।





### बंगाल में भाजपा की जीत से उत्साह

**महासमुंद।** पश्चिम बंगाल के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की एकतरफा जीत एवं पहली बार सरकार बनाने के खुशी में असम व पांडिचेरी भाजपा शहर मंडल द्वारा स्थानीय नेहरू चौक में जोरदार मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने भाजपा के ऐतिहासिक जीत बताते हुए कहा कि ममता के कुशासन की हार है। केंद्र में मोदी के विकास की जीत है। कृषि बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्रकार ने कहा कि बंगाल में भी भाजपा का झण्डा गढ़ गया है। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने कार्यकर्ताओं की जीत बाताया।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं, 65 आवेदन प्राप्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में ग्राम मुढ़ेना निवासी उमेश कुमार चौहान ने खसरा क्रमांक त्रुटि के संबंध में आवेदन किया। इसी तरह कमरौद बागबाहरा निवासी छबेलाल पटेल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि प्रदाय करने हेतु, झलप निवासी बल्दूराम सेन ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत दावा आपत्ति के संबंध में, ग्राम ठाकुरदिया पिथौरा निवासी दिव्यांग रोहित ने विकलांग पेंशन प्रदाय किए जाने, ग्राम बोईरगांव बागबाहरा निवासी विनोद कुमार महानंद ने भूमि सीमांकन के लिए तथा ग्राम तोरेसिंहा सरायपाली निवासी सुरेश साहू ने प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन किया।

# बंगाल में भाजपा की जीत का जश्न, रामभाटा में गूंजे जयकारे

**बसना।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों (या उपचुनावों) में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत का उत्साह अब छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में भी देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में भाजपा भंवरपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम रामभाटा (चनाट) में एक विशाल विजय रैली का आयोजन किया गया। यह रैली भाजपा भंवरपुर मंडल के मंडल महामंत्री के कुशल नेतृत्व में निकाली गई। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था। पूरे गांव में जमकर आतिशबाजी की गई और जय श्री राम व भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से आसमान गूंज उठा। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता धर्मेंद्र पटेल ने अपने बयान में कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। बंगाल की जनता ने विकास और सुशासन को चुना है। वहीं बालमुकुंद पटेल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस जीत ने सिद्ध कर दिया है कि राष्ट्रवाद की लहर हर कोने में है और आने वाले समय में संगठन और भी मजबूत होगा।इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री धर्मेंद्र पटेल, जिला पंचायत सभापति लोकेश नायक, पिरदा युवा मोर्चा अध्यक्ष दिनेश कश्यप उपस्थित थे।



## वनांचल ग्राम बलौदा में आयोजित हुई प्रयास अभ्यास परीक्षा

**सरायपाली।** महाभारत कालीन संस्कृति को अपने आंचल में समेटे शिशुपाल पर्वत की तलहटी पर बसे वनांचल ग्राम बलौदा ने शिक्षा के क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता से बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु प्रयास अभ्यास परीक्षा जिसमें 421 बच्चे शामिल रहे। वर्तमान समय प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए बलौदा ग्राम के शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने 10 मई को आयोजित प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए प्रवेश परीक्षा के तैयारी हेतु अभ्यास परीक्षा का निशुल्क आयोजन किया गया इस आयोजन का उद्देश्य जिले के अलावा समीप स्थित जिले सारंगढ़, रायगढ़, रायपुर के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के लिए ओएमआर शीट भरने, समय का सही नियोजन कर पेपर को हल करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व को समझ कर आगे भविष्य हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित करना था। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि हमारे दूरस्त इस वनांचल ग्राम बलौदा में आयोजित प्रयास अभ्यास परीक्षा में सम्मिलित सभी बच्चों एवं पालकों, शिक्षक, मीडिया से आए लोगों के लिए पुलिस थाना बलौदा द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई। साथ ही संकुल केंद्र बलौदा के सभी शिक्षकों द्वारा बच्चों के लिए पेपर ओएमआर शीट नाश्ता, शरबत, शीतल जल आदि की व्यवस्था की गई। पूरे आयोजन में बच्चों पालक बंधुओं की संख्या 1000 रही सभी लोगों का भोजन पुलिस थाना बलौदा के अधिकारियों के माध्यम से हुआ। निश्चित रूप से उनका इस प्रकार का त्याग समाज एवं पूरे जिले के लिए आदर्श रहा।

# अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ में शामिल हुए जनपद सभापति प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरी में आयोजित अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम बनकर सामने आया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा विशेष रूप से सम्मिलित हुए। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामवासियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर सिन्हा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भोग-भंडारे में सहभागिता करते हुए ग्रामीणों से आत्मीय भेंट-मुलाकात की। कार्यक्रम में विभिन्न कीर्तन मंडलियों की प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।



अपने उद्बोधन में सभापति सिन्हा ने कहा कि कलयुग में सबसे बड़ा सहारा हरि नाम है। जहां सच्चे मन से नाम संकीर्तन होता है, वहां सुख, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल आस्था को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को भी मजबूत करते हैं। साथ ही उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि वे भक्ति के साथ-साथ गांव के विकास में भी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

इस अवसर पर ग्राम सरपंच सुरेश कोसरिया, समिति अध्यक्ष गिरधारी साव, उपाध्यक्ष माधव साव, हीरालाल साव, उपेंद्र साव, भावेश साव, मनोज साव, अजय साव, मुकेश साव, कालेश्वर डड़सेना, देवराज साव, योग साव, वेदव्यास साव, कन्हैया साव, त्रिलोचन साव, पिंटू साव, दीनबंधु साव, कमल साव, भोमराज साव, बसंत भोई, गौरीशंकर साव, अशोक साव, जयलाल भोई सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं माताएं-बहनें उपस्थित रहीं।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।

शोक संदेश



स्व. श्रीमती कुसुम सोनी
जन्म–01.01.1959 , स्वर्गवास–27.04.2026

अत्यंत दुखः के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम सोनी का स्वर्गवास दिनांक 27.04.2026 दिन सोमवार को हो गया है जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार है। अतः आप सह परिवार पधारकर मृतक की आत्मा को शांति प्रदान कर हमें अनुग्रहित करे।

दशगात्र
दिनांक-06.05.2026 दिन-बुधवार
तेरहवीं
दिनांक-09.05.2026 दिन-शनिवार

-: कार्यक्रम स्थल :-
ग्राम-तेन्दूकोना (बागबाहरा)
जिला-महासमुंद (छ.ग.)

शोकाकुल परिवार
होरिलाल, रामाधार, गोपाल, लोकनाथ, रूखमणी सोनी (बहन), राही सोनी (बहन), कुमारी सोनी (बहन), तरुण सोनी, अजय, पुरुषोत्तम, धीरज एवं समस्त सोनी परिवार

विनीत
श्रीराम सोनी (पति), अनिल रश्मि सोनी (पुत्र-बहु)
तेजराम (तेजन) योगेश्वरी साहू ( मितान बेटा बहु)
अंश, दिव्यांश (नाती), प्रेमलता-लक्ष्मीकांत (बेटी, दामाद), हिमांशु, करण सोनी (नाती)
ग्राम-तेन्दूकोना (बागबाहरा)
मो.-9826956138,9977020234

समस्त हरिभूमि परिवार-महासमुंद

नोट : जिन स्नेहीजनों को शोकपत्र न मिला हो, कृपया इसे ही स्वीकार करें...

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सकारात्मक बदलाव के लिए पश्चिम बंगाल की जनता ने किया मतदान

**महासमुंद।** देश के तीन राज्यों में



भाजपा की ऐतिहासिक जीत भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि यह जीत भाजपा के प्रति जनता के विश्वास की जीत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश चहुंओर विकास की नई इबारत लिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सकारात्मक बदलाव के लिए पश्चिम बंगाल की जनता ने मतदान किया है। साहू ने कहा कि जनता ने सच्चे अर्थों में लोकतंत्र की स्थापना वहां की है। विकास, प्रगति, स्थिरता और शांति के लिए अपना वोट डाला। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि में भाजपा की जीत ऐतिहासिक है। पश्चिम बंगाल में जनता ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी है।

### बैज का बयान उनकी हताशा और जनादेश का अपमानः रूपकुमारी

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी



की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी ने असम और पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बयान और टिप्पणी पर कहा है कि यह न केवल हास्यास्पद है, बल्कि जनादेश का अपमान भी है। चौधरी ने कहा कि जब-जब कांग्रेस चुनाव हारती है, वह अपनी कमियों को सुधारने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं पर ठीकरा फोड़ना शुरू कर देती है। ईवीएम से लेकर चुनाव आयोग और केंद्रीय सुरक्षा बलों तक को कठघरे में खड़ा करना कांग्रेस की पुरानी फितरत रही है। चौधरी ने कहा कि बैज का यह कहना कि चुनाव भाजपा ने नहीं, बल्कि केंद्रीय एजेंसियों ने लड़ा है, हमारे देश के लोकतंत्र और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर हमला है। सत्ता चुराने जैसे शब्दों का प्रयोग करना बैज की राजनीतिक अपरिपक्वता को दर्शाता है। भाजपा ने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान किया है।

# राष्ट्रीय पांडुलिपि अभियान के तहत दुर्लभ हस्तलिखित ग्रंथों का सर्वेक्षण तेज

## ज्ञान भरतम ऐप से हो रहा पांडुलिपियों का पंजीकरण, जनजातीय अंचलों में मिले 300 वर्ष से अधिक पुराने ग्रंथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पांडुलिपि अभियान 2026 की शुरुआत 16 मार्च 2026 से 15 मई 2026 तक किया जाना है। इस अभियान का उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, पंजीकरण और डिजिटलीकरण करना है।

जिले में कलेक्टर के मार्गदर्शन में समिति गठित कर सर्वेक्षण टीम द्वारा संभावित स्थानों पर जाकर पांडुलिपियों की पहचान की जा रही है तथा ज्ञान भरतम ऐप के माध्यम से उनका पंजीकरण एवं अपलोडिंग कार्य किया जा रहा है। पांडुलिपि को संरक्षक स्वयं या संस्था के प्रमुख तथा आम नागरिक जिन्हें पांडुलिपि की जानकारी है वे ज्ञानभारतम एप में जानकारी अपलोड कर सकते हैं इसी क्रम में वनांचल ग्राम हाथीबाहरा में पांडुलिपि के





संरक्षकों चमार राय नेताम, बलमत जगत एवं तुलाराम नेताम से चर्चा कर उनके द्वारा संरक्षित पांडुलिपि के सत्यापन के लिए जिला नोडल अधिकारी रेखराज शर्मा, डॉ विजय शर्मा एवं भूपेश्वरी साहू ,सदस्य जिला स्तरीय पांडुलिपि सर्वेक्षण समिति पहुंचे। इन्होंने देखा आज भी प्राचीन कहानी, इतिहास, धार्मिक ग्रंथ, अनुष्ठान विधि, लोकज्ञान और औषधीय ज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषय के पांडुलिपि को सहेज कर रखें ही नहीं बल्कि उनका उपयोग भी कर रहे हैं। नेताम ने बताया उनके समाज में इन्हीं पांडुलिपि में बताएं गए, सिद्धांत के अनुसार विवाह पद्धति संपन्न कराया जाता है। महासमुंद जिला ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध माना जाता है। वर्तमान में जिले में अधिक से अधिक पुरानी पांडुलिपियों की खोज की जा रही है। विशेष रूप से कोमाखान अंचल के जनजातीय समुदायों के पास दुर्लभ पांडुलिपियों का मिलना इस क्षेत्र की ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत को प्रमाणित करता है।

प्राप्त पांडुलिपियां अधिकतर ताड़पत्र पर लिखी गई हैं, जिनमें उड़िया लिपि का प्रयोग हुआ है। इनमें भागवत पुराण, लक्ष्मी पुराण, दुर्गा ग्रंथ, भृगु संहिता, ज्योतिष ज्ञान, जनजातीय धार्मिक संस्कार पद्धति, जादू-टोना, भूत-पिशाच निवारण, जड़ी-बूटी औषधि शास्त्र, पशु चिकित्सा, बाण विद्या तथा इतिहास से संबंधित विषय शामिल हैं। कई ग्रंथ सचित्र हैं और इन्हें शाही कांटे अथवा धातु के नुकीले औजार से उकेरा गया है, जो सैकड़ों वर्षों बाद भी स्पष्ट दिखाई देता है। इन दुर्लभ पांडुलिपियों से छत्तीसगढ़ और ओडिशा की सीमावर्ती संस्कृति, इतिहास और परंपरा की महत्वपूर्ण जानकारी सामने आने की संभावना है। डॉ. विजय शर्मा ने वर्ष 2007 में 172 दुर्लभ पांडुलिपियों की खोज की थी। अब वर्ष 2026 में उन पांडुलिपियों की वर्तमान स्थिति और संरक्षण संबंधी जानकारी लेकर ऐप के माध्यम से अपलोड किया जा रहा है।

## आधुनिक खेती: किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

# पिथौरा विकासखंड में 12 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके साथ ही खरीफ मौसम 2026 से पहले 05 मई से 20 मई तक चलने वाले 12 दिवसीय अभियान की विधिवत शुरुआत हुई। इस अभियान के माध्यम से कृषि विभाग द्वारा गांव-गांव पहुंचकर किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।



कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष ऊषा पुरुषोत्तम घृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जनपद सदस्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरप्रसाद पटेल, सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, एसडीएम बजरंग वर्मा, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ब्रजेश तुरकाने, पी प्रसाद राव, भावेश पटेल, कमलेश दीवान, ओमेश नायक सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान किसानों को खरीफ सीजन से पहले जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे वे नई तकनीकों को अपनाकर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें। किसान रथ गांव-गांव जाकर किसानों को सीधे मार्गदर्शन देगा, जहां कृषि विभाग के जानकार अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर मौजूद रहकर प्रशिक्षण देंगे और किसानों की समस्याओं का समाधान भी करेंगे। कृषि विभाग के अनुसार किसान रथ के माध्यम से किसानों कोफसल चक्र परिवर्तन, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, उन्नत बीज एवं आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, जल संरक्षण एवं सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों के साथ समन्वित कृषि प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्यानिकी फसलों के उत्पादन एवं प्रबंधन के संबंध में भी किसानों को जागरूक किया जाएगा। रथ में ऑडियो-वीडियो माध्यम से सरल भाषा में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है, जिससे किसान आसानी से नई तकनीकों को समझकर अपने खेतों में लागू कर सकें।

अभियान के दौरान किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और किसान क्रेडिट कार्ड प्रमुख हैं। अधिकारियों का कहना है कि इन योजनाओं का लाभ लेकर किसान अपनी खेती को अधिक लाभकारी बना सकते हैं और आर्थिक रूप से मजबूत हो सकते हैं। किसान रथ तय कार्यक्रम के अनुसार 5 मई को पिथौरा विकासखंड के ग्राम घोघरा और धनोरा, 6 मई को सेवैयाकला और लोहराकोट, 7 मई को बल्दीडीह और बड़ेटेमरी, 8 मई को राजपुर और खुर्सीपार, 11 मई को बरेकेल खुर्द और डूमरपाली, 12 मई को कोकोभाठा और भिथीडीह, 13 मई को गोपालपुर और गड़बेड़ा, 14 मई को जंघोरा और नयापारा कला, 15 मई को भुरकोनी और कोल्दा, 18 मई को छोटे लोरम और बगारदरहा, 19 मई को जबलपुर पिरदा तथा 20 मई को पथरला और भास्करापाली में पहुंचेगा। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि किसान रथ के माध्यम से अब किसानों को नई तकनीकों और योजनाओं की जानकारी उनके गांव में ही मिल सकेगी, जिससे उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे समय और संसाधनों की बचत होगी तथा खेती को और अधिक लाभकारी बनाया जा सकेगा। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों को आधुनिक खेती की दिशा में आगे बढ़ाने, उनकी आय में वृद्धि करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही यह पहल क्षेत्र में कृषि विकास को नई गति देने का कार्य करेगी।

# 'नागरिकों की समस्याओं का हो त्वरित समाधान'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत

- पालिकाध्यक्ष ने आम जनों की समस्याएं सुनी

साहू ने पालिका कार्यालय में आम जनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी समस्याओं के त्वरित निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साहू ने पालिका दफ्तर पहुंचे नागरिकों की सभी समस्याएं गंभीरता से सुनकर अधिकारियों से कहा कि लोगों की जो भी समस्याएं है उसे सूचीबद्ध कर शीघ्र निराकरण करें। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का समाधान करना पालिका का प्रथम दायित्व है। मांगों, शिकायतों व समस्याओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण शीघ्र हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। अध्यक्ष के समक्ष नागरिकों ने शिकायत की कि कुछ लोगों द्वारा टुल्लू पंप लगाकर नल से पानी खींचा जाता है। जिससे उनके घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा। जिस पर अध्यक्ष साहू ने बताया कि टुल्लू पंप जब्ती की कार्रवाई लगातार जारी है। बार-बार अपील और समझाईश के बाद भी लोग बाज नहीं आ रहे हैं, अब सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा राशन कार्ड, पेंशन, आवास, पट्टा, सड़क मरम्मत, नाली निर्माण की मांग संबंधित आवेदन लेकर नागरिक बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

# बंगाल फतह को विधायक संपत ने बताया राष्ट्रवाद का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- अराजकता का अंत, सोनार बांग्ला का उदय, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर बंगाल ने लगाई मुहर : विधायक



पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि दिल गर्व से भर गया हैं। विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस गौरवशाली सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अटूट रणनीति और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन को देते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने रेखांकित किया कि यह विजय कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वहां के नागरिकों ने राष्ट्रवाद और विकास की राजनीति को चुनकर एक नया इतिहास रचा है। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने वीर रस से ओत-प्रोत अंदाज़ में बंगाल की जनता और शीर्ष नेतृत्व का अभिनंदन किया है। विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस जीत को 'सत्य की असत्य पर विजय और विकास की विनाश पर जीत करार दिया है। विधायक डॉ. अग्रवाल ने अपने कड़क संदेश में कहा कि बंगाल की वीर भूमि ने अब भय और भ्रष्टाचार की बेड़ियों को काटकर फेंक दिया है। उन्होंने आगे कहा कि यह विजय उस संकल्प की सिद्धि है जो डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देखा था। बंगाल की 'माँ-माटी-मानुष' ने आज राष्ट्रविरोधी ताकतों को सबक सिखाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासवाद पर अटूट विश्वास की मुहर लगाई है। अराजकता का पर्याय बन चुकी शक्तियों को जनता ने अर्श से फर्श पर लाकर पटक दिया है।

### कक्षा 11वीं-12वीं के विद्यार्थियों के लिए स्वयं पोर्टल पर 28 ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध

**महासमुंद।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित स्वयं पोर्टल के माध्यम से कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों में ऑनलाइन पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा 17वें चक्र के अंतर्गत 16 अप्रैल से 15 सितंबर 2026 तक 11 विषय क्षेत्रों में कुल 28 ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं।

जिला शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखंडों के विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों का स्वयं पाठ्यक्रमों में अधिक से अधिक नामांकन हेतु प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही संबंधित विषयों के शिक्षकों को भी इन पाठ्यक्रमों में सहभागिता के लिए प्रेरित करने कहा गया है। विद्यालय स्तर पर स्वयं पाठ्यक्रमों की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों से विद्यार्थियों के अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित करने तथा इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# कृषि ऋण की नई अनुपात 70:30 से किसानों पर बढ़ेगा आर्थिक भार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा सरकार द्वारा कृषि ऋण वितरण नीति में किए गए बदलाव को किसानों के लिए नुकसान दायक बताते हुए कहा कि प्रदेश में कृषि ऋण के नगद-खाद अनुपात में बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ गई है। सरकार ने सहकारी समितियों से मिलने वाली खाद की लिमिट 40 से घटाकर 30 प्रतिशत कर दी है। अब नई नीति के तहत 70 प्रतिशत नगद और 30 प्रतिशत खाद का अनुपात होगा। पहले यह 60 प्रतिशत नगद 40 प्रतिशत खाद था। 10 प्रतिशत कटौती से किसानों पर आर्थिक भार बढ़ना तय है।

चंद्राकर ने कहा कि पहले व्यवस्था में जरूरत की खाद मिल जाती थी। अब लिमिट घटने से किसानों को निजी दुकानदारों की मनमानी और बिचौलियों से ज्यादा कीमत पर खाद खरीदने की मजबूरी



होगी। इससे खेती की लागत में अनावश्यक वृद्धि होगी। ऊपर से पास मशीन की अनिवार्यता के कारण खाद-बीज का वितरण अब तक प्रारंभ नहीं किया गया है। प्रतिवर्ष खरीफ की तैयारी के लिए किसानों को 1 अप्रैल से खाद-बीज वितरण शुरू हो जाता था, लेकिन, इस बार शासन ने सख्त आदेश दिए हैं कि पॉस मशीन के माध्यम से खाद-बीज का वितरण किया जाना है। जबकि, समितियों को अभी तक नई मशीन भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। शासन के इस आदेश की जानकारी अनेक समितियों में पंजीकृत किसानों को नहीं होने के कारण तेज धूप व गर्मी में वे सोसायटियों के चक्कर लगाने विवश हो रहे हैं।पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि मशीनें समितियों को नहीं मिलने से पहले ही 1 महीने से अधिक विलंब हो चुका है। अचानक मशीने मिली और समितियों में वितरण शुरू हुआ तो किसानों की भीड़ बढ़ेगी। जिससे वितरण प्रभावित होगा। ग्रामीण क्षेत्रों मे सर्वर की समस्या भी खाद-बीज वितरण में बड़ी बाधा बन सकती है। नई पॉस मशीन से राशन वितरण का हाल हम पहले ही देख चुके हैं, सर्वर की समस्या के चलते अनेक हितग्राही राशन से वंचित हुए हैं। इसी प्रकार खाद-बीज के लिए किसानों को परेशान होना पड़ेगा। सर्वर की समस्या के चलते उन्हें खाद-बीज मिलने में देरी होगी, जिससे उन्हें निजी दुकानों में अधिक दाम पर खाद-बीज खरीदने की मजबूरी होगी।

## विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किसान रथ को दिखाई हरी झंडी

# विकसित कृषि संकल्प यात्रा का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में किसानों को आधुनिक खेती के प्रति जागरूक करने विकसित कृषि संकल्प यात्रा का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया। कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जनपद अध्यक्ष महासमुंद दिशा दीवान, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद अध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जिला रेडक्रॉस समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान मौजूद रहे।



इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुसार जिले में विकसित कृषि संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक खेती की नवीन तकनीकों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से किसान जैविक खेती, उन्नत बीज, कृषि यंत्रों एवं वैज्ञानिक पद्धतियों के उपयोग से उत्पादन बढ़ाने तथा आय में वृद्धि के तरीकों को समझ सकेंगे।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प यात्रा के अंतर्गत किसान रथ गांव-गांव जाकर तथा सुशासन तिहार शिविरों में किसानों को कृषि योजनाओं, उन्नत तकनीकों और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि शिविरों में सफल किसानों के अनुभव भी साझा किए जाएंगे, ताकि अन्य किसान उनसे प्रेरणा लेकर उन्नत एवं लाभकारी खेती को अपनाने के लिए प्रोत्साहित हो सकें। इस अवसर पर संदीप घोष, हरबंश सिंह ढिल्लो, पार्षद राहुल आवड़े, रमेश साहू, श्याम साकरकर, शरद मराठा, जनप्रतिनिधिगण तथा कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 6 को परसुली, रेमड़ा एवं बानीगिरोला में होगा समाधान शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** जिले में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 01 मई से 05 जून 2026 तक जिले में कुल 41 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें महासमुंद विकासखंड में 10, बागबाहरा में 7, पिथौरा में 9, बसना में 7, सरायपाली में 7 तथा तुमगांव नगरीय निकाय में एक क्लस्टर शामिल है। समाधान शिविर का आयोजन 06 मई 2026 को तीन क्लस्टर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत परसुली के हाईस्कूल में शिविर आयोजित होगा, इनमें 19 ग्रामों के ग्रामीणजन शामिल होंगे। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रेमडा के हाई स्कूल परिसर में आयोजित शिविर में 13 ग्राम के ग्रामीणजन तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बानीगिरोला के हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित शिविर में 20 ग्रामों के ग्रामीणजनों से मांग एवं शिकायत आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

